# राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति का परिचय

राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति (कार्यनीति) ऑस्ट्रेलिया के अवैतनिक देखभालकर्ताओं को उनकी सकुशलता में सुधार लाने और बनाए रखने में सहायता देने, देखभालकर्ताओं को उनके लक्ष्य और आकांक्षाएँ हासिल करने के लिए आवश्यक उपकरणों, कुशलताओं और ज्ञान से सशक्त बनाने, तथा उनकी देखभालकर्ता भूमिका के साथ उनके जीवन को बेहतर ढंग से संतुलित करने के लिए एक राष्ट्रीय एजेंडा निर्धारित करती है।

कार्यनीति को पांच भागों में विभाजित किया गया है, ताकि यह समझाया जा सके कि कार्यनीति क्या हासिल करना चाहती है और क्यों।




यह कार्यनीति देखभालकर्ताओं के समर्थन में निरंतर सुधार और वृद्धि के प्रति ऑस्ट्रेलिया सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करती है। यह देखभालकर्ताओं के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाने के हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा और मार्ग निर्धारित करेगी।

वर्तमान उपायों के आधार पर कार्यनीति को समय के साथ कई प्रक्रियाओं के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा, ताकि दूसरों को देखभाल प्रदान करने से पड़ने वाले दिन-प्रतिदिन के प्रभावों को संबोधित किया जा सके।

देखभालकर्ताओं के अनुभव और दृष्टिकोण से कार्य योजनाओं और परिणाम रूपरेखा को विकसित करने में सहायता मिलेगी। इससे कार्यनीति के जीवनकाल में भविष्य के कार्यों के लिए मार्ग निर्धारित होगा।

इन कार्यों को पूरा करने में प्रगति की निगरानी की जाएगी और परिणाम ढांचे के आधार पर रिपोर्ट की जाएगी, ताकि देश भर में अवैतनिक देखभालकर्ताओं के लिए लाभ की दृश्यता सुनिश्चित की जा सके।

Australian Government
Department of Social Services

National Carer Strategy

# कार्यनीति का विकास

यह कार्यनीति एक प्रबल साक्ष्य आधार पर निर्मित गई थी। इसमें ऑस्ट्रेलियाई देखभालकर्ताओं के अनुभवों और दृष्टिकोणों का प्रतिबिंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हमने यह जानने के लिए एक अभियान चलाया कि देखभालकर्ता क्या सोचते हैं:

- मंत्री महोदय ने अनुभवी देखभालकर्ताओं की एक सलाहकार समिति नियुक्त की
- हमने एक चर्चा पत्र और प्रश्नावली निर्गत की और हमें 750 से भी अधिक प्रस्तुतियाँ प्राप्त हुईं
- हमने पूरे देश-भर में महानगरीय, ग्रामीण और दूर-दराज के स्थानों में 100 से भी अधिक व्यक्तिगत और ऑनलाइन परामर्श आयोजित किए, जिनमें LGBTQIA+, सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण देखभालकर्ता, प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ता और युवा देखभालकर्ता जैसे विविधतापूरण समुदायों से आने वाले देखभालकर्ताओं के साथ ध्यान-केंद्रित परामर्श शामिल थे।
- कार्यनीति के विकास के बारे में जानकारी देने के लिए 1800 से भी अधिक देखभालकर्ताओं ने अपने दृष्टिकोण साझा किए
- हमने ऑस्ट्रेलियाई पारिवारिक अध्ययन संस्थान (Australian Institute of Family Studies) को इस बात की जाँच करने का काम सौंपा कि यह शोध हमें देखभालकर्ताओं के बारे में क्या बता सकता है
- और हमने देखभालकर्ता परिदृश्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता देने के संबंध में प्रतिनिधि सभा (House of Representatives) की सामाजिक नीति एवं कानूनी मामले स्थायी समिति (Standing Committee on Social Policy and Legal Affairs) की जांच का अध्ययन भी किया

# हम देखभालकर्ताओं के बारे में हम क्या जानते हैं

दिव्याँगता, वृद्धावस्था एवं देखभालकर्ता सर्वेक्षण (एसडीएसी) से निम्नलिखित तथ्य पता चले:



# देखभालकर्ता विविधतापूर्ण हैं

एसडीएसी से आगे प्रकट हुआ कि 2022 में घरबारों में रहने वाले प्राथमिक देखभालकर्ताओं में से:

3.4% ने अपने यौन रुझान के लिए पुरुष-समलैंगिक या स्त्री-समलैंगिक, उभयलैंगिक अथवा अलैंगिक, सर्वलैंगिक या क्वियर (LGBTQIA+) जैसे किसी अलग शब्द का इस्तेमाल किया

12.7% लोग घर पर मुख्य रूप से अंग्रेज़ी के अतिरिक्त कोई अन्य भाषा बोलते हैं

29.9% लोगों का जन्म विदेश में हुआ है

24.2% लोग सामाजिक-आर्थिक रूप से सर्वाधिक वंचित क्षेत्र में रहते हैं (एबीएस, 2022)

ऑस्ट्रेलिया में देखभालकर्ताओं की वास्तविक संख्या के बारे में जानकारी में काफी अंतराल मौजूद हैं और हमें सम्पूर्ण देखभालकर्ता परिदृश्य के और अधिक समावेशी जनसांख्यिकीय चित्र की आवश्यकता है।

ऑस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैमिली स्टडीज़ (AIFS, 2024) ने इस बात की पहचान की कि प्रथम राष्ट्रों, सांस्कृतिक एवं भाषाई रूप से विविधतापूर्ण समुदायों और LGBTQIA+ देखभालकर्ताओं को विशेषकर कम मान्यता दी जाती है और आकड़ों के संग्रह में उनकी पहचान कम की जाती है।

देखभाल प्रदान करने वाले कुछ लोग हमेशा अपनी पहचान एक देखभालकर्ता के रूप में नहीं करते हैं। ये 'गुप्त' देखभालकर्ता शायद समर्थन सेवाओं के बारे में जानते ही नहीं हैं, या फिर इन्हें प्राप्त करने के इच्छुक नहीं होते हैं। एआईएफएस ने यह टिप्पणी की है कि 'अवैतनिक देखभाल के बारे में मौजूदा डेटा से समूह के आकार को काफी कम आंका जा सकता है।' आघात से प्रभावित हुए लोगों की देखभाल करने वालों के बारे में आकड़ों में भी अंतराल है, जैसे भूतपूर्व सैनिक, शरणार्थी और प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता (जैसे पुलिस, पैरामेडिक्स)।

Australian Government
Department of Social Services

National Carer Strategy

## देखभालकर्ताओं में अंत:प्रतिच्छेदन

अवैतनिक देखभालकर्ताओं के अंत:प्रतिच्छेदन को अवश्य स्वीकृति दी जाने की आवश्यकता है। जातीयता, संस्कृति, धर्म, आयु, यौन अभिविन्यास, लैंगिक पहचान, दिव्याँगता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति जैसे अतिव्यापी पहचानयुक्त देखभालकर्ताओं के लिए अतिरिक्त बाधाओं, चुनौतियों और भेदभाव का अनुभव बढ़ जाता है।



Australian Government
Department of Social Services

National Carer Strategy

# दृष्टिकोण

> ऐसा ऑस्ट्रेलियाई समुदाय, जिसमें सभी देखभालकर्ताओं को मान्यता दी जाती है, उन्हें महत्व दिया जाता है, तथा उन्हें समाज में पूर्ण रूप से भाग लेने तथा अपनी देखभाल-संबंधी भूमिका को पूरा करने के लिए आवश्यक समर्थन के साथ सशक्त बनाया जाता है।

## हम अपना लक्ष्य कैसे प्राप्त करेंगे?

यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गतिविधियों को विकसित करने और आगे बढ़ाने में हम कुछ सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होंगे, जो यह दर्शाते हैं कि हमने जो सुना है वह देखभालकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है।

ये सिद्धांत गतिविधियों के डिज़ाइन, विकास और कार्यान्वयन को आधार प्रदान करेंगे।

## राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति सिद्धांत

| | |
|---|---|
| **देखभालकर्ता-केंद्रित:** | देखभालकर्ताओं के जीवंत अनुभव को देखभालकर्ताओं के लिए नीतियों, समर्थन और सेवाओं की सह-अवरचना व सह-उत्पादन में शामिल किया जाएगा। देखभालकर्ताओं के जीवंत अनुभव को आकलन प्रक्रियाओं में शामिल किया जाएगा। |
| **साक्ष्य-आधारित:** | देखभालकर्ता नीतियों, समर्थनों और सेवाओं को साक्ष्य-आधारित बनाया जाएगा, तथा देखभालकर्ताओं द्वारा अनुभव की जाने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए नवाचार का उपयोग किया जाएगा। |
| **सुलभतायुक्त, समतामूलक और समावेशी:** | देखभालकर्ता नीतियाँ, समर्थन और सेवाएँ समावेशी होंगी तथा देखभाल के सभी चरणों में सभी देखभालकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की जाएंगी, जिसमें देखभालकर्ताओं की विविधता और सांस्कृतिक तथा मनोवैज्ञानिक सुरक्षा के महत्व को मान्यता दी जाएगी। |
| **समर्थनकारी एजेंसी:** | देखभालकर्ताओं के लिए नीतियों, समर्थनों और सेवाओं का डिज़ाइन उनके लिए अनुकूलित विकल्प उपलब्ध कराएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | **पारदर्शी और जवाबदेह:** | संघीय सरकार के विभाग देखभालकर्ताओं को बेहतर ढंग से पहचानने और उनका आकलन करने के लिए अपनी प्रक्रियाओं में पारदर्शी होंगे तथा उनकी प्रगति पर रिपोर्ट देंगे। |

# उद्देश्य

- देखभालकर्ताओं की पहचान की जाती है, उन्हें मान्यता दी जाती है और उन्हें मूल्य दिया जाता है।
- देखभालकर्ताओं को अपने जीवन के अन्य पहलुओं का अनुसरण करने के साथ-साथ अपनी देखभाल की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाया जाता है।
- देखभालकर्ताओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सकुशलता और आर्थिक सुरक्षा का समर्थन किया जाता है।

# प्राथमिकता के परिणाम क्षेत्र

- समुदाय, सरकार और सवैतनिक देखभाल व समर्थन प्रदान करने वाले लोग देखभालकर्ताओं के योगदान और विशेषज्ञता को पहचान तथा महत्व देते हैं और देखभालकर्ताओं को जल्द ही खुद की पहचान करने में सहायता दी जाती है।
- देखभालकर्ता देखभाल की संपूर्ण प्रक्रिया में सही समय, सही स्थान और सही तरीके से सहायता, सेवाएं और कार्यक्रम प्राप्त कर सकते हैं।
- देखभालकर्ता अपनी देखभाल संबंधी भूमिका को पूरा करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कुशलताएँ विकसित करने में सक्षम रहते हैं।
- देखभालकर्ता रोजगार व शिक्षा की सुलभता हासिल कर सकते हैं और बनाए रख सकते हैं, जिसमें उनकी स्वयं की तथा उनसे देखभाल प्राप्त करने वाले लोगों की आर्थिक सकुशलता में सुधार के लिए सुलभता भी शामिल है।
- देखभालकर्ताओं को अपने मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक सकुशलता के संरक्षण के लिए समर्थन सुलभ होते हैं।
- देखभालकर्ताओं के बारे में साक्ष्य आधार तैयार करना, ताकि इस बारे में बेहतर ढंग से समझा जा सके कि देखभालकर्ता कौन हैं, उनके अनुभव क्या हैं, उनके लिए क्या उपयोगी है और क्यों।

# परिणामों के वितरण के लिए अगले कदम

इस कार्यनीति के जीवनकाल में हम सुधार के अवसरों की पहचान करना जारी रखेंगे, मुद्दों को हल करने की योजना बनाएंगे, प्रक्रियाएँ लागू करेंगे और देखभालकर्ताओं के जीवन को बेहतर बनाने में उनकी सफलता सुनिश्चित करेंगे।

## कार्य योजनाएँ

कार्य योजनाओं की एक श्रृंखला विकसित की जाएगी। पहले दो वर्षों में यह कार्यनीति:

- परिणामों की रूपरेखा प्रदान करेगी
- र्सवप्रथम कार्ययोजना उपलब्ध कराएगी
- आरंभिक कार्रवाइयों को लागू करने के लिए हितधारकों के साथ-मिलकर काम करेगी

जैसे-जैसे अन्य सुधारों के परिणाम हासिल होंगे, देखभालकर्ताओं के लिए नए प्राथमिकता वाले क्षेत्र उभर सकते हैं। कार्यनीति के पूरे जीवनकाल में हम लागू की गई कार्रवाइयों के प्रभावों का मापन और आकलन करेंगे। इससे कार्यनीति का दृष्टिकोण हासिल करने के लिए भविष्य में कार्ययोजना के विकास में सहायता मिलेगी।

## अंतिम समीक्षा

हम कार्यनीति के प्रभाव और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए अंतिम समीक्षा और आकलन करेंगे।